## खबर संक्षेप



### श्रीराम कथा में सुनाया भरत मिलाप का प्रसंग

**उमरियापान।** नगर के सन्यासी महाराज मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा के दौरान बुधवार को भरत मिलाप प्रसंग की भावपूर्ण कथा सुनाई गई। कथा के दौरान भरत और श्रीराम के मिलन प्रसंग का वर्णन करते हुए भाई-भाई के प्रेम, त्याग और मर्यादा का संदेश दिया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथावाचक पंडित नीरज गर्ग ने कहा कि भरत ने राजसिंहासन स्वीकार करने से इंकार करते हुए राम की चरण पादुका को राजगद्दी पर विराजमान किया और स्वयं सेवक के रूप में राज्य संचालन किया। यह प्रसंग भाईचारे, त्याग और धर्म के आदर्श को दर्शाता है। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजनों व आरती में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।रामकथा के दौरान भरभरा आश्रम से संत बनवारीदास महाराज पहुँचे। श्रद्धालुओं ने महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### रेत के अवैध परिवहर पर ट्रैक्टर–ट्रॉली किया जब्त

**कटनी।** बरही पुलिस ने रेत के अवैध परिवहन पर एक ट्रैक्टर–ट्रॉली जब्त की। यह कार्रवाई ग्राम बगैहा के पास की गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बरही पुलिस जब देहात भ्रमण पर थी इसी दौरान एक ट्रैक्टर–ट्रॉली अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाया गया। पुलिस को देख चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जांच में रेत परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्रॉली जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की तथा वाहन को सुरक्षार्थ थाना परिसर में खड़ा कराया। कार्रवाई में थाना प्रभारी अरविंद कुमार चौबे सहित पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

### किसानों को आधुनिक खेती के तरीके बताए

**सिलौंडी।** ग्राम पंचायत लालपुर में कृषि रथ कृषि कल्याण वर्ष के कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मिट्टी के परीक्षण, नरवाई प्रबंधन ,बीच ,जैविक खेती के बारे में बताया गया। प्रगतिशील किसान हरेंद्र सिंह बागरी की बोई हुई इंडो अमेफिन धनिया जिसकी ऊंचाई 5 फीट और वजन 8 से 10 किलो का प्रदर्शन किया गया जो किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एस के तोमर ,सहायक संचालक उर्मिला धुर्वे ,सरपंच मीना मोहन सिंह बागरी,जनपद पंचायत सदस्य निरंजन खटीक ,सचिव मथुरा प्रसाद तिवारी ,रोजगार सहायक शैलेंद्र बागरी ,पूर्व किसान मित्र हरेंद्र सिंह बागरी , आर एस श्याम वरिष्ठ कृषि अधिकारी , ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अश्वनी पटेल ,निशा सोलंकी आदि मौजूद रहे।

### श्रीमद भागवत में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव



**सिलौंडी।** समीप वर्ती ग्राम घाना बम्होरी में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथा वाचक उदयनारायण महाराज ने भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया है। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय ने कथावाचक का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान समिति के सदस्य संतु उपाध्याय निंदु उपाध्याय सोनू रजनीश गौतम प्रशांत उपाध्याय कृष्णा शील कुमार सागर प्रांजुल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की हुई बैठक

# 49 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की कार्ययोजना पर चर्चा, कार्यों को स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला खनिज प्रतिष्ठान के अंतर्गत गठित न्यास मंडल बोर्ड की बैठक गुरूवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में विकास एवं निर्माण कार्यों से संबंधित कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांडे, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सुनीता मेहरा, जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर तथा वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार और नगर परिषद बरही के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, तथा नगर परिषद कैमोर के अध्यक्ष भी मौजूद रहें।

बैठक में पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में आय-व्यय का अनुमोदन किया गया, पंचवर्षीय कार्ययोजना वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक का अनुमोदन किया गया। साथ ही वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 की कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। जिला खनिज प्रतिष्ठान के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों पर चर्चा की गई। विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल द्वारा खनन से प्रभावित चारों विधानसभा में टी बी रोग की पहचान व परीक्षण की सुविधा हेतु पोर्टेवल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराने का प्रस्तांव रखा गया। विधायक विजयराघवगढ़ श्री पाठक द्वारा विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ में 13 हाई स्कूलों में ई-लाईब्रेरी बनवाने का प्रस्ताव रखा गया। खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में वर्ष 2025-26 के लिये 49 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। जिस कार्य योजना में उच्च प्राथमिकता में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, महिला एवं बाल कल्यााण, वृद्ध एवं निःशक्तष जन कल्यामण , कौशल विकास, एवं स्वच्छता, एवं अन्य प्राथमिकता में भौतिक अधोसंरचना सिंचाई, ऊर्जा एवं वाटरशेड विकास, पर्यावरण की गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिये कोई अन्य उपाए से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। विशेष रूप से खनन प्रभावित ग्रामों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन, स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण तथा पेयजल योजनाओं के विस्तार को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया।बैठक में पूर्व में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

बैठक में सीएमएचओ डॉ राज सिंह, उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित,जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी ,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास वनश्री कुर्वेती ,कार्यपालन यंत्री पीएचई पवनसुत गुप्ता ,सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।



## कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयुध निर्माणी के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल के आह्वान पर विभिन्न यूनियनों ने कार्यस्थल पर नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया।

कर्मचारियों का मुख्य विरोध सरकार द्वारा लाए गए चार श्रम कानूनों, बढ़ते निजीकरण, निगमीकरण और आउटसोर्सिंग को लेकर है। उनकी अन्य मांगों में नई पेंशन योजना (NPS) को रद्द कर पुरानी पेंशन की बहाली, अनुकंपा नियुक्तियों की प्रक्रिया को सरल बनाना और श्रम अधिकारों के हनन पर रोक लगाना शामिल है।

यह प्रदर्शन AIDEF और HMS से संबद्ध मजदूर संघ तथा आयुध निर्माणी कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर किया गया। सुबह से ही निर्माणी के मुख्य द्वार पर कर्मचारी एकत्रित होने लगे।

विरोध स्वरूप कर्मचारियों ने काले बैज लगाकर काम किया और दोपहर के भोजन के समय एक घंटे का पूर्ण लंच बहिष्कार कर सांकेतिक हड़ताल की। इस विरोध प्रदर्शन में HMS समर्थित मजदूर संघ, आयुध निर्माणी कर्मचारी यूनियन और लेबर यूनियन के सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जहाँ अधिकांश संगठन सरकार की नीतियों का विरोध कर रहे थे, वहीं BMS समर्थित यूनियन ने इस आंदोलन से दूरी बनाए रखी। BMS ने सरकार का सहयोग करते हुए इस आंदोलन का लिखित में विरोध भी किया।

**सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम थीम पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम**

## साइबर फ्राड एवं बैंक खातों में जमा राशि की सुरक्षा संबंधी दी गई अहम जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता केंद्र के माध्यम से वित्तीय साक्षरता सप्ताह (FLW)–2026 का आयोजन 9 फरवरी से 13 फरवरी तक किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 फरवरी को ग्राम बिहारिया, तहसील ढीमरखेड़ा, में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम "केवायसी– सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम" रखी गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण नागरिकों को साइबर फ्रॉड से बचाव, बैंक खातों में जमा राशि की सुरक्षा, री-केवायसी, सी - केवायसी, खाता स्वच्छता एवं वित्तीय अनुशासन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से पधारे प्रबंधक श्रीराम नागर, अग्रणी जिला प्रबंधक मेझरस किण्डो, आरसेटी डायरेक्टर पवन कुमार गुप्ता, फाइनेंशियल लिटरेसी काउंसलर पवन कुमार पाण्डेय, एनआरएलएम नोडल अधिकारी सुधीर बिन्द तथा आरसेटी फैकल्टी सुनील उपस्थित रहे।

विशेष रूप से आरबीआई भोपाल से आए श्रीराम नागर ने प्रतिभागियों को वित्तीय सुरक्षा एवं सतर्कता के उपाय बताते हुए सुरक्षित बैंकिंग अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्राहक समय पर केवायसी एवं री-केवायसी अवश्य कराएं तथा किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक से दूर रहें।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग धोखाधड़ी से आम नागरिकों को सतर्क करना तथा जिम्मेदार एवं सुरक्षित बैंकिंग को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर बिहरिया ग्राम की स्वसहायता समूह की महिलाओं ने भी सक्रिय सहभागिता की।

अंत में भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी श्रीराम नागर ने सभी ग्राहकों से अपील की कि वे वित्तीय साक्षरता सप्ताह में भाग लेकर बैंकिंग से जुड़ी आवश्यक जानकारियां प्राप्त करें, क्योंकि "आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।"

## जल अर्पण कार्यक्रम के तहत निकाली रैली, कलश यात्रा




विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत सलैया प्यासी के ग्राम उत्तमपुर में जल अर्पण के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत नल–जल योजना का लोकापर्ण' ग्राम पंचायत सरपंच सविता मातादीन कोल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। योजनांतर्गत करीब 74.76 लाख रुपए की लागत से टंकी, संप वेल पाइप लाइन निर्मित कर 163 घरों को लाभान्वित किया गया है। जल अर्पण कार्यक्रम के तहत ग्राम में स्कूल रैली, जल संकल्प, जल बंधन, जल कलश यात्रा आदि कार्यक्रम संपादित किए गए। इस कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत दीपू शुक्ला, जनपद सदस्य संजो बाई, उपसरपंच चद्रकली बाई एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता, सहायक मंत्री मोहित तिवारी, जिला सलाहकार भी अविनाश परोहा, श्रीमती सुनीता द्विवेदी विकासखंड समन्यवयक सत्यप्रकाश हल्दकार एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित हुए। संपूर्ण कार्यक्रम हर्ष एवं उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक द्वारा जल की महत्ता को देखते हुए ग्रामवासियों से अपील की गई कि जल संचयन एवं जल संरक्षण की विधि अपनाते हुए आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करे एवं व्यर्थ न बहाएं ।क्योंकि जल है तो कल है। तथा जल ही जीवन है जल के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है।

## यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज द्वारा किया गया प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा




यूजीसी कानून के विरोध में ढीमरखेड़ा सवर्ण समाज के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया कर राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी ढीमरखेड़ा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि सरकार के द्वारा पारित किया गया विधि विरुद्ध कानून वापस नहीं लिया गया तो सवर्ण समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस संदर्भ सवर्ण समाज द्वारा कहा गया कि यूजीसी बिल 2026 सरकार के द्वारा पारित किया गया है जो की विधि विरुद्ध है। महाविद्यालय में वर्तमान समय में ऐसी गतिविधियां संचालित नहीं है और ना ही इस बिल की कोई वर्तमान में जरूरत है यू जी सी बिल पारित करके सवर्ण वर्ग को अपराधी ही व दोषी बना दिया गया है जबकि शेष वर्गों को प्रार्थी पीड़ित बना दिया गया है जो कि न्याय उचित नहीं है इस बिल की धारा 3 (C ) सवर्ण को बचाव का कोई प्रावधान नहीं है और ना ही कोई झूठी शिकायत करने के विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान नहीं है उपयुक्त बिल में जांच कमेटी में भी सवर्ण वर्ग को नहीं रखा गया ऐसे अन्याय अत्याचार पूर्ण बल का हम समस्त सवर्ण समाज विरोध करते हैं राष्ट्रपति से अनुरोध करते हैं कि यू जी सी बिल्कुल वापस लिया जाए नहीं तो सवर्ण समाज सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी और धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया जाएगा इस कानून से सवर्ण समाज उक्त दिल के पारित होने से बहुत दुखी हुआ पीड़ित है और निर्दोष होते हुए भी दोषी हो गए हैं आने वाले समय में ढीमरखेड़ा तहसील प्रांगण के सामने उग्र आंदोलन धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी सरकार की होगी।

**तोड़फोड़ कार्यवाही से आर्थिक नुकसान होने के लगाये आरोप**

## बिना सूचना दिये कार्यवाही करने के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के खिलाफ उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को हुई जेसीबी कार्रवाई के विरोध में गुरुवार दोपहर दर्जनों व्यापारियों ने पंचायत चौराहे पर सड़क जाम कर धरना दिया।

व्यापारियों का आरोप है कि यह कार्रवाई अतिक्रमण हटाने के लिए नहीं, बल्कि गोवंश हत्या के मुद्दे पर आवाज उठाने के कारण प्रतिशोध की भावना से की गई है।

प्रदर्शनकारी व्यापारियों ने नगर निगम पर बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के कार्रवाई करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि बुधवार दोपहर अचानक दुकानों के बाहर तोड़फोड़ शुरू कर दी गई, जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ।

व्यापारियों ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में 'गौ हिंदू सेवा संगठन' ने दत्ता धाम में गोवंश हत्या के विरोध में नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोला था। उनका आरोप है कि इसी व्यक्तिगत रंजिश के चलते प्रशासन ने उन लोगों को निशाना बनाया है जिन्होंने उस ज्ञापन में हिस्सा लिया था।

पंचायत चौराहे पर चक्काजाम के कारण यातायात बाधित रहा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि अतिक्रमण के नाम पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई करने वाले दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। साथ ही, बिना नोटिस दिए हुए नुकसान की भरपाई की जाए और भविष्य में इस तरह की एकतरफा कार्रवाई पर रोक लगे।

### मांग पर अड़े व्यापारी

आंदोलन की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और व्यापारियों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि, प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह आंदोलन माधव नगर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे शहर में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

## ग्राम सलैया प्यासी में चल रहा सप्ताह ज्ञान यज्ञ

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



समीपस्थ ग्राम पंचायत सलैया प्यासी में विश्व कल्याण की कामना को लेकर सप्ताह ज्ञान यज्ञ चल रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन गुरुवार को कथावाचक पंडित दिलीप पौराणिक ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया।

भागवत कथा के छठवें दिन गुरवार को कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई।इस दौरान आओ सखी मेरी मुझे मेहंदी लगा दो, मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बना दो, आज मेरे श्याम की शादी है गीतों पर जमकर लोग नाचे( कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था।लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत में भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया।

इस दौरान जिपं सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, आर पी परौहा, नारायण परौहा, गणेश शंकर गर्ग, प्रमोद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## कर वसूली के लिए वार्डवार शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष बचे 47 दिवसों में नागरिकों को उनके वार्डो में ही निगम के बकाया करों को जमा करनें की सुविधा प्रदान करने हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर फरवरी माह के शेष दिनों में भी नगर के विभिन्न वार्डो में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा। नागरिक गण इस दौरान शिविर स्थलों के अतिरिक्त नगर निगम कार्यालय के कंप्यूटर कक्ष क्रमांक 37 सहितं जोन कार्यालयों में भी निगम के बकाया करों को जमा कर सकेंगे।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक नें बताया कि नागरिकों को निगम के बकाया संपत्तिकर एवं जलकर को आसानी से जमा करनें की सुविधा के मद्देनजर शुक्रवार 13 फरवरी को वार्ड क्रमांक 22,23,25,26 के नागरिकों हेतु सुभाष चैक एवं बिलगवां आंगनबाड़ी केन्द्र के पास शिविर का आयोजन किया जायेगा। वहीं 14 फरवरी शनिवार को भी इन्ही वार्डो के नागरिको हेतु सुभाष चैक एवं खेरमाई मंदिर के पास शिविर आयोजित किए जाएगें। इसी प्रकार 16 फरवरी को वार्ड क्रमांक 10,11 एवं 12 के नागरिकों की सुविधा हेतु शंभू टाकीज सरावगी सदन एवं सत्यनारायण मंदिर के सामने शिविर का आयोजन किया जाएगा।

17 फरवरी मंगलवार को पुरैनी कुठला थाना के सामने एवं हाउसिंग बोर्ड कालोनी हनुमान मंदिर के पास, 18 फरवरी बुधवार को समदड़िया सिटी, दुर्गा मंदिर एवं झिंझरी पुलिस चौकी, 19 फरवरी गुरुवार को जय हिंद चौक एवं शर्मा मार्केट के पास गायत्री नगर में तथा 20 फरवरी शुक्रवार को पटेल मार्केट एवं बरगवां स्कूल के पास शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 21 फरवरी शनिवार को गाटरघाट सब्जी मंडी एवं हरी चक्की के सामने गांधी गंज, 22 फरवरी रविवार को कुंदन दास स्कूल एवं आदर्श कॉलोनी साईं मंदिर के पास, 23 फरवरी सोमवार को गर्ग चौराहा एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास शिविर का आयोजन किया जायेगा।

जबकि 24 फरवरी मंगलवार को मोहन मेडिकल के बाजू में डॉ बालचन्द गली तथा माधवनगर नारायण बेकरी के पास, 25 फरवरी बुधवार को सुभाष चौक तथा वार्ड क्रमांक 37 से 40 हेतु भोले मंदिर के पास, 26 फरवरी गुरुवार को सुभाष चौक तथा पुरैनी कुठला थाने के पास, 27 फरवरी शुक्रवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हनुमान मंदिर के पास एवं सुभाष चौक के साथ ही 28 फरवरी शनिवार को परौहा मार्केट रोशन नगर एवं सुभाष चौक में शिविर आयोजित होगा।

## खबर संक्षेप

### वैवाहिक समारोह से डीजे सिस्टम ले गये चोर

**कटनी।** एन.के.जे. थाना क्षेत्र के अंतर्गत जागृति कॉलोनी में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोरों ने डीजे सेटअप से कीमती लैपटॉप और अन्य उपकरण चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार जागृति कॉलोनी मैदान में विमल सोनी के मकान के पास लगे एक शादी के पंडाल में डीजे लगा हुआ था। रात में अज्ञात चोरों ने मौका पाकर डीजे सिस्टम में लगे उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। धनीराम पटेल निवासी दुर्गा चौक ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके डीजे सेटअप से 2 लैपटॉप जिनकी कीमत लगभग 50,000 रुपये है। क्रॉस ओवर डी जे प्लस कंपनी का जिसकी कीमत लगभग 6,500 रुपये है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(A) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

### लाइनमैन के साथ मारपीट पर मामला दर्ज

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खोहरी में बिजली विभाग के कर्मचारी के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। लाइनमैन सलीम खान के साथ ड्यूटी के दौरान मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार फरियादी सलीम खान जो कि रीठी के निवासी हैं और विद्युत विभाग में कार्यरत हैं, ग्राम खोहरी में अपनी ड्यूटी पर थे। उसी दौरान आरोपी विनय पटेल निवासी खोहरी ने लाइनमैन सलीम खान के साथ विवाद शुरू कर दिया। आरोपी ने न केवल उन्हें गंदी-गंदी गालियां दीं बल्कि उनके साथ मारपीट भी की और भविष्य में जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विनय पटेल के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया है।

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को

**कटनी।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं राज्य वनसेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2026 जिले के 8 परीक्षा केंद्रो में 26 अप्रैल को ओएमआर पद्धति से 2 सत्रों में आयोजित होंगी। पहले सत्र की परीक्षा प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरे सत्र की परीक्षा दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित होगी। राज्य सेवा एवं राज्य वनसेवा एवं प्रारंभिक परीक्षा के सफल क्रियान्वयन एवं सुचारू संचालन तथा परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्था के लिए संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल को परीक्षा का प्रभारी अधिकारी और अतिरिक्त परियोजना समान्वयक राज्य शिक्षा केंद्र कटनी को सहायक नोडल और प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले के 8 शैक्षणिक संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनमें शासकीय तिलक कॉलेज, शासकीय गर्ल्स कॉलेज, बार्डस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल मिशन चौक, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज झिंझरी, शासकीय मॉडल हायर सेकेन्ड्री स्कूल, जेपीवी डीएवी पब्लिक स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंड्री स्कूल माधवनगर और सिलिकोबाईट डिग्री कॉलेज शामिल है।

### संदिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत खम्हरिया ग्राम में अपनी होने वाली ससुराल आए एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं जिससे हत्या की आशंका जताई गई है। मृतक की पहचान सुनील आदिवासी 19 वर्ष के रूप में हुई है जो विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम परसवाहा का निवासी था। सुनील की शादी रीठी के खम्हरिया गांव में तय हुई थी। गत रात अपनी ससुराल पहुंचा था। बुधवार सुबह सुनील का शव गांव के ही घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के गले और शरीर के अन्य अंगों पर चोट के निशान मिले हैं। घटना के बाद से युवती किसी प्रकार की जानकारी देने से बच रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

---

### कलेक्टर ने अग्निवीर भर्ती रैली के लिए पुख्ता व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

# अग्निवीर: चयन प्रक्रियाओं की कसौटी पर खरे उतरने वाले युवा भारतीय सेना में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। सेना भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा कटनी जिले के झिंझरी पुलिस लाईन मैदान में 13 फरवरी से सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसके सुव्यवस्थित आयोजन के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस ग्राउंड झिंझरी 13 से 24 फरवरी 2026 के मध्य आयोजित होने वाली अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में लगभग 15 जिलों के आवेदक सम्मिलित होगें अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस रैली में भीड़ की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिले के महत्वपूर्ण स्थल पर शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई जाकर कार्य दायित्व सौंपे गए है।

पुलिस लाइन झिंझरी में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में कटनी सहित 15 जिलों के युवा चयन हेतु यहां आयेंगे। इस भर्ती रैली में जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा शामिल होने आयेंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बड़ी संख्या में युवाओं के यहां आने के नजरिए से सभी प्रकार की व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, पेयजल की समुचित व पर्याप्त उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने चलित शौचालय, पेयजल हेतु टैंकर और पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की व्यवस्थ्या जिले के झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में 13 फरवरी से शुरू हो रही भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली ने 5 हजार 374 युवाओं को आमंत्रित किया गया है। जिनका अलग-अलग दिनों में शारीरिक पात्रता परीक्षण किया जाएगा और स्वास्थ्य मानकों तथा दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर चयन किया जाएगा।

अग्निवीर भर्ती रैली में कटनी सहित जबलपुर, अनुपपूर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा शामिल होंगे। शनिवार 14 फरवरी को झिंझरी पुलिस लाइन में अग्निवीर भर्ती रैली के लिए सिवनी बालाघाट व मंडला जिले के 548 युवा चयन होने के लिए अपना भाग्य आजमाएंगे इसी प्रकार 15 फरवरी को मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर व डिंडौरी के 762 युवा आएंगे जबकि 16 फरवरी को रीवा जिले के 843 युवा और 17 फरवरी को सतना जिले के 783 युवाओं को आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार 18 फरवरी को जबलपुर, कटनी, शहडोल, उमरिया एवं अनुपपूर जिलों के 785 युवाओं और 19 फरवरी को सभी 15 जिलों के 730 युवा विभिन्न प्रकार के शारीरिक परीक्षण में शामिल होंगे इसी प्रकार दिनांक 20 फरवरी को सभी जिलों के 638 युवा और 23 फरवरी को मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ के सभी जिलों के 285 महिला प्रतिभागी अग्निवीर भर्ती रैली में चयनित होने के लिए शामिल होंगी। उल्लेखनीय है कि इस भर्ती रैली में शामिल प्रतिभागियों ने सेना के कामन इंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। झिंझरी में आयोजित रैली में इन्हीं युवाओं का फिजिकल, मेडिकल टेस्ट के साथ-साथ दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बड़ी संख्या में युवाओं के यहां आने के नजरिए से सभी प्रकार की व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, पेयजल की समुचित व पर्याप्त उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने चलित शौचालय, पेयजल हेतु टैंकर और पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की व्यवस्थ्या हेतु नगर निगम को निर्देशित किया। वहीं झिंझरी पुलिस लाइन के बैरिकेटिंग का दायित्व पीडब्ल्यूडी को, सीसीटीव्ही कैमरे और कम्प्यूटर व प्रिंटर की व्यवस्था की गई है। साथ ही स्थल में फायर ब्रिगेड वाहन और मेडिकल एंबुलेंस मेडिकल स्टाफ के साथ तैनात करने के निर्देश दिये हैं।

#### दस्तावेजों की जांच के लिए तैनात किए गए विशेष दल

भर्ती के दौरान रैली में शामिल होने वाले युवाओं के प्रवेश पत्र, आधार कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के ऑनलाइन सत्यापन के लिए कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर 13 फरवरी से 24 फरवरी तक तीन स्तरों पर शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें प्रवेश पत्र परीक्षण व प्रिंट सुविधा हेतु रात्रि 12:00 बजे से कार्य समाप्ति तक, आधार कार्ड परीक्षण व प्रिंट सुविधा हेतु प्रातः 6 बजे से कार्य समाप्ति तक और दस्तावेज परीक्षणः हेतु प्रातः 6 बजे से शासकीय कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

---

## बिजौरी ग्राम में एनएसएस कैंप में पुलिस ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



ग्राम बिजोरी में स्थित तिलक कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) शिविर के अंतर्गत आज एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी बड़वारा उनि के.के. पटेल द्वारा शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन, साइबर फ्रॉड से बचाव तथा नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा एवं यातायात संकेतों का पालन अत्यंत आवश्यक है। साथ ही वर्तमान समय में बढ़ते ऑनलाइन ठगी एवं साइबर अपराधों से बचने के लिए किसी भी अनजान लिंक, कॉल, ओटीपी अथवा बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने की समझाइश दी गई।

कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति पर विशेष जोर देते हुए छात्र-छात्राओं को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार, समाज एवं भविष्य को भी प्रभावित करता है। इसी कारण युवाओं से नशे से दूर रहकर सकारात्मक एवं अनुशासित जीवन अपनाने की सलाह दी गई।इसके अतिरिक्त थाना प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं को करियर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए पुलिस, सेना, प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अनुशासन एवं लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया गया।कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए तथा उन्हें जागरूक, जिम्मेदार एवं कानून का पालन करने वाला नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

---

*ग्राम पंचायत कुंआ पहुंच कर अभियान की प्रगति का लिया जायजा*

## महिला एवं बाल विकास विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर ने किया बहोरीबंद का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने के लिये 31 मार्च तक ₹संकल्प से समाधान₹ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण 15 फरवरी को पूर्ण होगा ।

बहोरीबंद विकासखंड में अभियान की नब्ज टटोलने अभियान प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर ऊषा सोलंकी पहुंची जहाँ उन्होंने ग्राम पंचायत कुआँ पहुंचकर अभियान की हकीकत का जायजा लिया। ज्वाइंट डायरेक्टर ने अभियान के माध्यम से प्राप्त आवेदन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान पर्यवेक्षक रानी ठाकुर, सरपंच अमित साहू उपस्थित रहे। ज्वाइंट डायरेक्टर के द्वारा आँगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया।

ज्वाइंट डायरेक्टर ने कहा किपंचायतों में वार्ड स्तर पर आवेदन और शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए गठित दल शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को शिविर लगाकर या घर-घर जाकर एकत्रित करें। नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करे।पोर्टल पर दर्ज करने के बाद सभी आवेदनों को क्लस्टर स्तर के अधिकारी के पास जमा किया जाएगा। क्लस्टर स्तर के अधिकारी आवेदनों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिये प्रेषित कर निराकरण की स्थिति प्राप्त करेगा।अभियान का दूसरा चरण-अभियान का दूसरा चरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक चलाया जायेगा। द्वितीय चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन के साथ शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिये शिविर लगाए जाएंगे।समाधान से संकल्प अभियान का तीसरा चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा।

इस चरण में क्लस्टर अथवा जोन लेवल पर अनिराकृत आवेदन व शिकायतों एवं नवीन प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में किए गए निराकरणों को ब्लॉक लेवल नोडल अधिकारी द्वारा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। शिविर में प्राप्त होने वाले अथवा शिविर के ठीक पूर्व पोर्टल पर दर्ज होने वाले नवीन आवेदनों को भी विचार में लिया जाएगा और उनका विधिवत निराकरण किया जाएगा।

---

## मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



गुरुवार को बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने एकत्र हुईं और अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका फेडरेशन के बैनर तले हुए इस धरने में महिलाओं ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने विभागीय दबाव और तकनीकी समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाई। महिलाओं ने पोषण ट्रैकर ऐप और हाल ही में लागू किए गए फेस रिकग्निशन सिस्टम का विरोध किया। ज्ञापन में कहा गया कि टेक होम राशन वितरण के लिए चेहरा पहचान और ओटीपी आधारित सत्यापन ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति से मेल नहीं खाता। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कई गांवों और आदिवासी इलाकों में इंटरनेट की सुविधा ठीक नहीं है और अधिकांश हितग्राहियों के पास महंगे स्मार्टफोन नहीं हैं। ऐसे में तकनीक फेल होने का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। तकनीक फेल होने का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी बजट रुकने के डर से उन पर दबाव बना रहे हैं। FRS सत्यापन न होने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है।

---

## नो पार्किंग जोन में खड़े 40 वाहनों पर कार्यवाही, 20 हजार का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में विशेष मुहिम के तहत नो-पार्किंग जोन में अवैध रूप से खड़े 40 वाहनों पर कोतवाली पुलिस ने चालानी कार्रवाई की। पुलिस ने मौके पर ही वाहन मालिकों से कुल 20,000 रुपये का समन शुल्क वसूल किया। थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के मुख्य मार्गों, व्यस्त बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान पाया गया कि सड़कों के किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों की वजह से यातायात बाधित हो रहा था और पैदल चलने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पुलिस ने न केवल चालान काटे, बल्कि वाहन चालकों को भविष्य में निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने की सख्त हिदायत दी।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान महज सांकेतिक नहीं है। आने वाले दिनों में भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें और नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा न कर शहर की व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहयोग करें। कोतवाली प्रभारी राखी पांडे ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना हमारी प्राथमिकता है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

*आधुनिक कृषि यंत्र बेलर की उपयोगिता पर विस्तार से दी जानकारी*

## किसान रथ गांव-गांव दे रहा किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कृषक कल्याण वर्ष 2026 "समृद्ध किसान–समृद्ध मध्यप्रदेश" अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग का किसान रथ विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम तिमुआ, गैरतलाई एवं जरा रोड क्षेत्र में पहुंचकर किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों की जानकारी दे रहा है।

कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपाड़ा ने आधुनिक कृषि यंत्र बेलर की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि बेलर खेत में फैले फसल अवशेष जैसे भूसा, पुआल एवं सूखी घास को एकत्र कर दबाकर गठरी (बेल) बनाता है, जिससे उनका भंडारण एवं परिवहन आसान हो जाता है। उन्होंने बताया कि बेलर चलाने से पूर्व खेत में रैक यंत्र चलाया जाता है, जो अवशेषों से कंकड़-पत्थर अलग कर पुआल को सुखाकर एक लाइन में कर देता है। इसके बाद ट्रैक्टर के पीटीओ से संचालित बेलर द्वारा पिक-अप यूनिट फसल अवशेषों को बेल चेंबर में पहुंचाती है, जहां प्लंजर दबाकर निश्चित आकार की बेल तैयार करता है, जिसे नॉटिंग सिस्टम बांध देता है।

उपयंत्री श्री पीपाड़ा ने बताया कि बेलर दो प्रकार के होते हैं—स्क्वायर बेलर एवं राउंड बेलर। स्क्वायर बेलर में अत्यधिक दबाव से 20 से 35 किलोग्राम वजन की कठोर गठरी बनती है, जिसमें हवा का संचार कम होने से नमी रहने पर सड़न या फफूंद का खतरा रहता है। यह छोटे खेतों के लिए उपयुक्त है। वहीं राउंड बेलर निरंतर प्रक्रिया में कार्य करता है, जिससे 300 से 600 किलोग्राम वजन की गोल बेल बनती है। इसमें अवशेष परत-दर-परत लिपटते हैं, जिससे हवा का संचार बना रहता है और नमी धीरे-धीरे निकल जाती है। यह बड़े खेतों एवं नमी वाले अवशेषों के लिए अधिक उपयोगी है। उन्होंने बताया कि बेलर के उपयोग से खेत से फसल अवशेष हट जाते हैं, जिससे पराली जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और पर्यावरण संरक्षण होता है। मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है तथा मित्र कीट सुरक्षित रहते हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है। साथ ही किसानों को बताया गया कि बेलर से बने बंडलों को गौशाला, डेयरी फार्म, ईंट भट्टा एवं बायो-एनर्जी प्लांट में बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है।

---

### महापौर ने घंटाघर मार्ग के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

## जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता से करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर विकास के महत्वपूर्ण विषय जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने गुरुवार को निगम अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक लेकर कार्य की विस्तृत समीक्षा की। महापौर श्रीमती सूरी ने मार्ग में अब तक पूर्ण हुए कार्यों, स्थल के प्रगतिरत कार्यों तथा शेष कराए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सड़क चौड़ीकरण कार्य के तहत नाली निर्माण, विद्युत पोल शिफ्टिंग सहित अन्य आवश्यक कार्य चरणबद्ध रूप से शीघ्र पूर्ण करने की दिशा में सर्वोच्च प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा बैठक के दौरान जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग में पूर्व चिन्हित अतिक्रमण को हटाने हेतु प्रगतिरत कार्यवाही की वर्तमान स्थिति की जानकारी चाही गई। जिस पर अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिकांश अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूर्ण की जा चुकी है, जबकि शेष प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।साथ ही प्रभावित हितग्राहियों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि प्रदान भी कर दी गई है, शेष प्रकरणों पर कार्यवाही प्रगतिरत है जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। महापौर ने शेष लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर भुगतान प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो तथा आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए।

बैठक में महापौर ने न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों की संख्या एवं उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालयीन मामलों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कर शीघ्र समाधान की दिशा में कार्य किया जाए, ताकि कार्य की गति प्रभावित न हो। अंत में महापौर श्रीमती सूरी ने समयसीमा पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिए कि जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक का संपूर्ण कार्य गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ निर्धारित समयावधि में शीघ्र पूर्ण किया जाए।

बैठक में प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह,उपयंत्री मोना करेरा, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह,विधि प्रभारी वरुणेश मिश्रा मौजूद रहे।

---

## विधिक साक्षरता शिविर में कानूनी एवं यातायात नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा




तहसील मुख्यालय प्रांगण में न्यायाधीश सुश्री पूर्वी तिवारी के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को कानून के विषय में जानकारी दी गई जिसमें मजदूरी से बने कानून की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बतलाया कि बाल मजदूरी अपराध की श्रेणी में आता है कम उम्र की लड़कियों एवं लड़कों को मजदूरी न करवाए ऐसी मैं शिकायत होने पर कार्यवाही का प्रावधान है पढ़ने लिखने की उम्र में बच्चों से काम करवाना बिल्कुल भी उचित नहीं है सभी के माता-पिता से हम कहते हैं कि अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजें और पढ़ लिखकर एक समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाऐ एवं गाड़ी वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करें गाड़ी के सभी कागज बीमा ड्राइवर लाइसेंस आदि होना अनिवार्य है नाबालिक बच्चों को गाड़ी ना दे और यातायात कि नियमों का पालन करते हुए आप लोग गाड़ी चलाएं और शराब पीकर तो बिल्कुल भी गाड़ी न चलाई है नियम के विरुद्ध एवं अपराध की श्रेणी में आता है।

आगामी 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है जो भी जमीन छोटे-मोटे विवाद बिजली बिल घरेलू विवाद एवं अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए 14 मार्च को आप लोग नेशनल लोक अदालत में आकर अपनी समस्याएं हल करवा सकते हैं एवं राजीनामा से संबंधित अपराधों में भी सुनवाई की जाएगी इसलिए आप लोग इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याओं पर निराकरण करवाने की अपील की गई है।

**खास बातें**

### पन्ना टाइगर रिजर्व में हिम एजुकेशन सोसायटी, नई दिल्ली द्वारा हाथी प्रबंधन एवं वन्य जीव प्रबंधन कार्यों हेतु एक नग ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रदान

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में हिम एजुकेषन सोसायटी, नई दिल्ली द्वारा हाथी प्रबंधन एवं वन्यजीव प्रबंधन कार्यों हेतु एक नग ट्रैक्टर-ट्रष्ली का दान प्रदान किया गया है। हिम एजुकेषन सोसायटी, नई दिल्ली के प्रतिनिधिमंडल द्वारा पन्ना टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने परिक्षेत्र हिनौता स्थित हाथी षिविर का निरीक्षण किया तथा हथिनी ‘अनारकली’ से जन्मे दो षावकों ‘केतकी’ एवं ‘रोहिणी’ का अवलोकन किया। साथ ही, पार्क प्रबंधन द्वारा संचालित व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। वन्यजीव संरक्षण एवं हाथी प्रबंधन कार्यों में सहयोग प्रदान करने की भावना से संस्था द्वारा एक नग ट्रैक्टर-ट्रष्ली दान स्वरूप प्रदान करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे प्रबंधन द्वारा स्वीकार किया गया। उक्त ट्रैक्टर-ट्रष्ली प्राप्त हुई तथा हिम एजुकेषन सोसायटी, नई दिल्ली के प्रतिनिधि द्वारा परिक्षेत्र हिनौता स्थित हाथी षिविर में उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व को औपचारिक रूप से सुपुर्द की गई। इस अवसर पर उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व एवं उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग हेतु हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

राज्य मंत्री लखन पटेल हुए सम्मिलित, कथा व्यास पं. डॉ. अनिल शास्त्री जी ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का किया भावपूर्ण वर्णन

# भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की दिव्य झांकी, भक्तिभाव में डूबा पूरा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर हटा के देव श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन का आयोजन अत्यंत भव्य और भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। दद्दा कला मंच से कथा व्यास परम पूज्य पं. डॉ. अनिल शास्त्री जी ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं रसपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा स्थल “नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की” के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। दल दल घोड़ी नृत्य, रामतूला वादन के बीच श्रोता भी श्री कृष्ण भक्ति में डूबकर जमकर झूमते हुए नजर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्रीकृष्ण की आरती के साथ हुआ।

यजमान परिवार एवं आयोजन समिति द्वारा कथा व्यास पं. डॉ. अनिल शास्त्री जी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया एवं कथा उपरांत मिठाई से तुलादान किया गया। कथा के दौरान पं. डॉ. अनिल शास्त्री जी ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ते हैं, तब-तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कंस के अत्याचारों से व्यथित पृथ्वी माता की पुकार पर भगवान श्रीहरि ने देवकी और वसुदेव के पुत्र रूप में अवतार लिया।उन्होंने कारागार में श्रीकृष्ण के प्राकट्य का अत्यंत मार्मिक चित्रण करते हुए कहा कि आधी रात, भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र में स्वयं भगवान ने चतुर्भुज रूप में दर्शन देकर माता-पिता को आश्वस्त किया।

तत्पश्चात वे बाल रूप धारण कर गोकुल जाने की लीला रचते हैं। वसुदेव द्वारा शिशु कृष्ण को यमुना पार कर नंद भवन पहुंचाने का प्रसंग सुनते ही श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।कथा के मध्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का जीवंत मंचन किया गया। जैसे ही रात्रि 12 बजे का संकेत हुआ, शंखनाद और घंटियों की ध्वनि से पूरा पंडाल गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने खड़े होकर “नंद के आनंद भयो” और “जय कन्हैया लाल की” के उद्घोष किए। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और बाल गोपाल की झांकी सजाकर झूला झुलाया गया। वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। कथा व्यास पं. डॉ. अनिल शास्त्री जी ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि हमारे अंतःकरण में दिव्य चेतना के जागरण का प्रतीक है। जब मन रूपी कारागार से अहंकार और पाप के बंधन टूटते हैं, तब हमारे भीतर भी श्रीकृष्ण का जन्म होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में सत्य, धर्म और प्रेम के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

कथा के दौरान मधुर भजनों—“यशोदा ने माखन चुराया”, “गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो”—पर श्रद्धालु झूम उठे। युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। अंत में महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आयोजन समिति ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और आगामी कथा में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की। इस प्रकार श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का अलौकिक और भक्तिमय आयोजन श्रद्धालुओं के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया।

इस दौरान रामगोपाल जी सरकार महंत श्याम दास जी महाराज, पथरिया विधायक एवं पशु पालन एवं डेयरी मंत्री मध्य प्रदेश शासन लखन पटेल, हटा विधायक उमा देवी खटीक, कार्यक्रम के सूत्रधार कु पुष्पेंद्र सिंह हजारी, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, महायज्ञ समिति अध्यक्ष अनुराग वर्धन सिंह हजारी, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, भाजपा नेता राधिका पटेल सहित आयोजन समिति एवं वरिष्ठ गणमान्य जन एवं हजारों की संख्या में कथा श्रोताओं की मौजूदगी रही।

## स्वानों ने हिरण पर हमला कर मारा



### वन विभाग की अनदेखी व गश्ती पर उठ रहे सवाल तारादेही वन परिक्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तारादेही परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तारादेही में बीती रात आवारा श्वानों के हमले में एक हिरण की दर्दनाक मौत हो गई। घटना तारादेही ग्राम के पुराने बाजार क्षेत्र की है, जहां सुबह हिरण का क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरांगना रानी दुर्गावती अभयारण्य से लगा हुआ क्षेत्र होने के कारण अक्सर वन्यप्राणी भोजन और पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर लेते हैं। संभावना जताई जा रही है कि बीती रात यह हिरण अभयारण्य की सीमा लांघकर तारादेही गांव के पुराने बाजार में आ गया था। यहां घात लगाकर बैठे आवारा श्वानों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया और उसे नोच-नोच कर मार डाला। सुबह जब स्थानीय ग्रामीणों ने बाजार में हिरण का लहुलुहान शव देखा, तो तुरंत इसकी सूचना वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर को दी। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर मुकेश दुबे व वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और पशु चिकित्सा अधिकारी से पोस्टमार्टम कराया गया व पंचनामा तैयार किया इसके पश्चात, विभागीय नियमों के तहत हिरण के शव का सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार किया गया।

**बढ़ता खतरा और ग्रामीणों की चिंता**

तारादेही का कुछ हिस्सा अभयारण्य क्षेत्र में आता है, जिससे यहां वन्यजीवों की आवाजाही सामान्य है हालांकि, आवारा श्वानों के हिंसक व्यवहार ने अब वन्यजीवों के लिए बड़ा खतरा पैदा कर दिया है। ग्रामीण बताते हैं कि आए दिन वन्यप्राणी गांवों की ओर आ रहे हैं। श्वानों की बढ़ती संख्या न केवल हिरणों बल्कि छोटे बच्चों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है।

**इनका कहना है**

क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि यदि कोई वन्यप्राणी रिहायशी इलाके में दिखाई दे, तो उसे नुकसान न पहुंचाएं और तुरंत इसकी जानकारी वन विभाग को दें।

**देवेंद्र गुर्जर**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

## ईको क्लब के अंतर्गत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में ईको क्लब के अंतर्गत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी/परियोजना का आयोजन दिनांक 11 फरवरी 2026 को किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. शमा जे. पी. ख़ानम (प्रोफेसर, एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह) तथा निर्णायक टीम में डॉ. संध्या पिंपलापुरे (प्रोफेसर- रसायन शास्त्र) एवं डॉ. एन. आर. सुमन (भ्व्व, वनस्पति शास्त्र विभाग) रहे।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य “पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाना“ एवं पर्यावरण संरक्षण था। प्रदर्शनी/ परियोजना कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुए। कार्यक्रम में चलित एवं अचलित विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शनी एवं परियोजना के तहत बीज बैंक संरक्षण, महाविद्यालय के नए भवन के डी.ई.एफ. कक्ष में लगाया गया।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत ने ईको क्लब के उद्देश्य एवं रूपरेखा प्रस्तुत किया। डॉ. जैन के द्वारा हरित शपथ कराया गया, विशिष्ट अथिति डॉ. ख़ानम द्वारा पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हेतु छात्र छात्राओं को अपना वक्तव्य दिए, साथ ही बताया कि पर्यावरण के प्रदूषित होने से आज मानव किसी न किसी भयंकर बीमारी से ग्रसित हो रहा है। इसी क्रम में अपने वक्तव्य में डॉ. सुमन ने बताया कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना अति आवश्यक है। निर्णायक टीम द्वारा चलित मॉडलों के परिणाम में शालू विश्वकर्मा प्रथम, उर्वसी वेद द्वितीय, स्नेहा परवीन तृतीय, रिया रोहितास व शिवानी आठ्या को सांत्वना तथा नॉनवर्किंग मॉडलों में देवी यादव प्रथम, अनामिका यादव द्वितीय, महिमा चौधरी तृतीय स्थान, दीपक अहीरवाल व अभिलाषा कुर्मी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी तरह परियोजना (बीज बैंक, ऑर्गेनिक कलर बनाना एवं जैव विविधता) में ऋषिता खरे प्रथम, गौरी तिवारी द्वितीय, पूर्वा ठाकुर तृतीय स्थान, रक्षा तिवारी व वर्षा दुबे ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को टी शर्ट, ट्रॉफी तथा मैडल से पुरस्कृत किए गए।

इस अवसर पर कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. आर. के. व्यास, डॉ. पी.के. ढाका, डॉ. जी.पी.अहिरवार, डॉ.दिव्या पटेल, सुश्री दीपा पाण्डेय, डॉ. के. एस. बामनिया, डॉ. राहुल दुबे, डॉ. अनिल जैन, डॉ.धीरज जॉनसन, डॉ.प्रशांत तिवारी, डॉ.अरसद खान, श्रीमती दुर्गा अहिरवार, रामगोपाल तंतुवाय, डॉ.आशाराम यादव, शिवांगी ठाकुर, आकांक्षा श्रीवास्तव, रुबी दुबे, आशा अहिरवार, प्रह्लाद सिंह ठाकुर, जागेश्वर रजक, घसीटा रैकवार, सहित छात्र- छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निओमि पद्मा कुमार ने किया तथा आभार डॉ. ऋषिभा दीक्षित ने माना।

## डीएफओ को विस्थापन सूची में पात्र घोषित करने सौंपा ज्ञापन

**तेन्दूखेड़ा।** रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की विस्थापन प्रक्रिया मे तेंदूखेड़ा तहसील के ग्राम उन्नारीखेड़ा में 150 परिवारों को अपात्र घोषित किया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार दोपहर सागर स्थित टाइगर रिजर्व कार्यालय पहुंचकर डीएफओ रजनीश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने उन्हें पात्र घोषित करने की मांग की ज्ञात हो कि रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व दमोह सागर और नरसिंहपुर जिले में फैला हुआ है। टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद प्रभावित गांवों का विस्थापन किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके परिवार कई पीढियों से उन्नारीखेड़ा में निवास कर रहे है। उनके पास आधार कार्ड, वोटर आइडी, राशन कार्ड, जमीन जायदाद और पैतृक खेती से जुड़े सभी दस्तावेज मौजूद है इसके बाद भी उन्हें विस्थापन सूची से बाहर कर दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पात्रता सूची में अनियमितताएं हुई है और कुछ ऐसे नाम शामिल किए गए है जो निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ जंगल का नियम, दूसरी तरफ घर से बेदखली, ऐसे में हम लोग कहां जाएं। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर 150 परिवारों को वैधानिक रूप से विस्थापन सूची में शामिल करने, उचित मुआवजा देने और पुनर्वास सुनिश्चित करने की मांग की है। डीएफओ रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि वे हाल ही में पदस्थ हुए है और अन्य गांवों के लोग भी इसी समस्या को लेकर उनके पास आए है, जिसका वे अध्ययन करेंगे।

## श्रेया असाटी बनी शिक्षा सारथी

**दमोह।** असाटी समाज की बेटियां शिक्षा सारथी योजना के प्रति निरंतर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं.इसी क्रम में अप्सरा परिवार दमोह की श्रीमती सुनीता दीपक असाटी की सुपुत्री श्रेया ने क्वाड्राफोर्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, नोएडा मैं SAP Certified S/4 HANA FICO Consultant पद पर नियुक्ति प्राप्त की है श्रेया ने अपनी प्रथम वेतन से 2100 रुपये की राशि “शिक्षा का अधिकार सबको एक समान मिले” उद्देश्य के तहत शिक्षा सारथी योजना में दान कर स्थायी शिक्षा सारथी बनने की घोषणा की। उनका यह कदम समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक संदेश देता है.उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व नवसारी की अदिति महेश असाटी, वक्सवाहा की सौम्या महेश असाटी, ग्राम पथरगुवा खरगापुर की राधिका महेंद्र असाटी, टीकमगढ़ की श्रेया (श्रीमती कल्पना नायक) तथा इंदौर की शुभांशी नीतू राजकुमार असाटी भी उच्च पदों पर पहुंचकर अपनी प्रथम वेतन से शिक्षा सारथी बन उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर चुकी हैं. अप्सरा परिवार व सभी अभिभावकों द्वारा दिए गए संस्कारों को समाज नमन करता है.बेटियों की यह पहल शिक्षा के प्रसार व सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



## पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि मनाई



**जबेरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जबेरा के द्वारा गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के पूर्व मंत्री श्री रत्नेश सालो मन जी की पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें श्री सालों मन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी, पंडित गोविंद तिवारी, इंद्र कुमार तिवारी, नितिन मिश्रा, राजकुमार सिंह लोधी, राजा खान,जवाहर सिंह ठाकुर बंशीपुर, मुरली ठाकुर, रवि सोनी, अरविंद धनगर,पवन यादव, विनोद राय, सुनील सिंह ठाकुर, उजयार यादव, अजय जैन, अरविंद ठाकुर, हरिराम यादव,सीताराम अहिरवार सहित ग्राम के प्रबुद्ध जनों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## वामन अवतार और श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग से भक्तिमय हुआ घटेरा खेरमाता मंदिर

**बनवार।** घटेरा खेरमाता मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा प्रवक्ता बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। महाराज ने वामन अवतार का गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि दैत्यराज बलि के बढ़ते प्रभाव और अहंकार को समाप्त करने के लिए भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण किया। तीन पग भूमि के दान में दो पग में समस्त सृष्टि नाप लेने के बाद जब तीसरे पग के लिए स्थान नहीं बचा, तब राजा बलि ने अपना शीश अर्पित कर दिया। यह प्रसंग त्याग, विनम्रता और धर्म के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। महाराज ने संदेश दिया कि शक्ति के साथ नम्रता और समर्पण ही जीवन को महान बनाते हैं। इसके पश्चात श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भादो मास की अष्टमी, रोहिणी नक्षत्र में कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के यहां भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। वासुदेव द्वारा यमुना पार कर बालक कृष्ण को नंदबाबा के घर पहुंचाने की कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध कर पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़ाया। नंदगांव में उनके जन्म की खुशी में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा स्थल को विशेष रूप से सजाया गया तथा माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य कर नंदोत्सव की आनंदमयी अनुभूति की। कार्यक्रम के यजमान मनीष दीवान एवं स्वाति दीवान सपरिवार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उमा की उपस्थिति रही। कथा पूजन पंडित त्रिलोक शर्मा एवं आचार्य ओमप्रकाश शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। कथा सप्ताह के दौरान प्रतिदिन भक्ति और ज्ञान की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है, जिससे क्षेत्र का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत बना हुआ है।



दद्दा कला मंच पर संपन्न हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन, भारत माता की हुई महाआरती...

## समाज में छुआछूत करना सबसे बड़ा पाप है- दिलीप जी

**हटा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर नगर के देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण स्थित दादा कला मंच पर गुरुवार को गोधूली बेला में सकल हिंदू सम्मेलन अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में प्रांत संघ चालक प्रदीप जी, यज्ञाचार्य पं. डॉ. मथुरा प्रसाद शुक्ल वाराणसी, संतोष दास जी महाराज सीतानगर शाला महंत, श्यामदास जी महाराज रामगोपाल जी महंत, महंत रामदास जी महाराज, मातृशक्ति जिला कार्यवाहक श्रीमती सविता जी सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मुख्य अतिथि प्रांत संघ चालक प्रदीप जी ने सम्मेलन को संबोधित कर कहा कि पूरे भारत वर्ष में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है, सम्मेलन का आशय यह है कि हमें अपने हिन्दू होने के गौरव को पुनः प्राप्त करना है, कई प्रांतों और देशों के भूगर्भ में मूर्तियां निकल रही है, यह हमारे गौरव को दर्शाता है, हमारा हिंदू क्यों पीछे हो रहा है, इसका कारण जात पात में बंटे हुए होना है। हमारे पुराणों में कहीं भी छुआछूत का उल्लेख नहीं है सभी मनुष्यों में एक ही ईश्वर का वास है छुआछूत करना सबसे बड़ा पाप है हमें एक कुआं एक तालाब एक भंडारा एक समाज में रहकर सनातन को आगे बढ़ाना है। हमारा सनातन धर्म पूरी दुनिया में फैला हुआ था, इंडोनेशिया देश में भगवान गरुण के नाम से एयरलाइंस चलती है, इंडोनेशिया में पहले शत प्रतिशत हिंदू थे, आज आधे से कम है, अफगानिस्तान में भी हिंदू थे, आज 4 प्रतिशत से कम हो गए, हिन्दुस्तान में भी कई राज्य ऐसे है, जहां हिंदू कम हो रहे है। हमें अपने सनातन के प्रति जागना है और एक जुट होकर रहना है। आज के 400 वर्ष पूर्व जिन्होंने 200 वर्ष तक शासन किया, उन्होंने यह धारणा फैलाई कि भारत देश एक कमजोर देश है। जबकि पश्चिमी देश कहते थे कि सूर्य पृथ्वी का चक्कर लगाता है लेकिन भारत ने पहले कहा था कि पृथ्वी और सभी ग्रह सूर्य का चक्कर लगाते है। हमारे पूर्वजो ने ग्रहण, मकर संक्रांति, तिथि, नक्षता, दिशा आदि का ज्ञान दुनिया को पहले ही दे दिया था, जबकि पश्चिमी देशों ने इसे बाद में माना। आज हम अमेरिका तरफ भाग रहे है जबकि पूर्व में अमेरिका के दो यात्री भारत को खोजते हुए आए थे, आज हम क्यों पिछड़ रहे है, हम क्यों दूसरे के पीछे भाग रहे है। हमें अपनी संस्कृति गौरव को ध्यान में रखकर अपने खोए हुए गौरव को पुनः प्राप्त करना है। अतः जात पात से परे होकर सकल हिंदुओं को जागना होगा। सम्मेलन की शुरुआत महायज्ञ आयोजन समिति महायज्ञ अध्यक्ष अनुराग वर्धन सिंह हजारी के नेतृत्व में उपस्थित अतिथियों का पगड़ी बंधन कर स्वागत किया गया। वही सरस्वती पूजन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की महाआरती के साथ किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में सविता उपाध्याय द्वारा सम्मेलन की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई एवं सम्मेलन का संचालन मुकेश जी द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में हिंदू वर्ग के लोगों महिलाओं बालिकाओं की उपस्थिति रही।




## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**हटा।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन मध्यप्रदेश (सीटू) के राष्ट्रीय आवाह्न पर राष्ट्र व्यापी एक दिवसीय हड़ताल कर हटा परियोजना की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर गुरुवार को ब्लॉक अध्यक्ष अनुराधा प्रजापति के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम राकेश मरकाम को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में मांग की गई कि पोषण ट्रेकर, संपर्क एप से न जोड़ा जाए, 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के सरकारी स्कूलों में प्रवेश के आदेश को निरस्त कर केजी वन, केजी टू की शिक्षा दिए जाने की व्यवस्था की जाए।
आंगनवाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए तब तक न्यूनतम वेतन 32 हजार दिया जाए एवं 10 हजार पेंशन सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए, सेवानिवृत्त आंगनबाड़ी कर्मियों को ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए, आंगनबाड़ी कर्मियों के सेवाकाल में मृत्यु होने पर 5 लाख रुपए की राशि मृत्यु उपरांत परिवार को सहायता राशि के रूप में प्रदान की जाए, आंगनवाड़ी कर्मियों को अन्य राज्यों की तरह 1 जून से 30 जून तक एक माह का ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाए। इसके अलावा परियोजना एवं सेक्टर बैठक में आने जाने का टीएडीए भुगतान किया जाए। पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों पर 100% नियुक्ति योग्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ही की जाए एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का वार्षिक अवकाश का कैलेंडर दिया जाए ताकि उस दिन आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखे जा सके एवं पोषण ट्रेकर में भी अवकाश दर्शाया जा सके। ज्ञापन देने वाली कार्यकर्ताओं में ब्लॉक अध्यक्ष अनुराधा प्रजापति, सचिव रेखा पटेल के साथ नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र की कार्यकर्ताओं सहायिकाओं की उपस्थिति रही।



## मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार हेतु दिए अहम निर्देश

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठया के निर्देश पर ब्लाक हिण्डोरिया की मासिक समीक्षा बैठक गत दिवस जिला प्रशिक्षण केन्द्र में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सीबीएमओ डॉ. मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। बैठक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर एएनसी पंजीयन, मध्यम एवं गंभीर एनीमिया तथा गर्भावस्था दौरान उच्च रक्तचाप की पहचान एवं प्रभावी प्रबंधन पर विशेष चर्चा की गई। डॉ. चटर्जी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला का सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराया जाए, इसके लिए सभी चिन्हित गर्भवती महिलाओं को उपयुक्त डिलेवरी पॉइण्ट से टैग करने के निर्देश सीएचओ को दिए । एएनसी जॉचो की संख्या बढ़ाने तथा प्रत्येक गर्भवती की समयबद्ध जॉच सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक ग्राम में हर बुधवार एएनसी की खोज करने एवं नियमित फॉलोअप हेतु आशा सहयोगियों को निर्देशित किया गया। डॉ. चटर्जी ने मौजूद सीएचओ ,एएनएम और आशा सहयोगियों को एएनसी हेतु ड्यू लिस्ट तैयार करना, एएनसी खोज की प्रक्रिया ,महिलाओं से गर्भ के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। सीएचओ को निर्देश दिए कि वे एनीमिया प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाए। पोर्टल के प्रबंधन सेक्शन में सभी आवश्यक डेटा अनिवार्य रूप से दर्ज करें। प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान के तहत 2,9,16 एवं 25 तारीख एवं हर सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को एएनएम और सीएचओ आपसी समन्वय से चिन्हित नवीन एवं जोखिम गर्भवती सहित 7, 8 एवं 9 माह की अनुमानित प्रसव तिथि महिलाओं की जॉच प्राथमिकता से सुनिश्चित करें। दूरस्थ क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को प्रसव की तिथि से सप्ताह पूर्व बर्थ वेटिंग हॉल में भर्ती कराकर सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए,जिससे मातृ-शिशु मृत्यु में प्रभावी कमी लाई जा सके ।

## खास बातें

### रक्तदान शिविर में 105 यूनिट रक्त संग्रहित

बनवार। जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित जैन ने गुरुवार को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन कर सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि रोहित जैन ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को मानवता की सेवा का संदेश दिया। शिविर में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान के प्रति जागरूकता और सेवा भावना का ऐसा माहौल बना कि पूरे आयोजन स्थल पर जनकल्याण की भावना स्पष्ट दिखाई दी। स्वेच्छा से आगे आए युवाओं ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए रक्तदान किया।

### मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम

दमोह। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 13 फरवरी दिन शुक्रवार को दोपहर 12:20 बजे भोपाल से हवाई जहाज द्वारा जबलपुर के लिए रवाना होंगे, तत्पश्चात दोपहर 1 बजे जबलपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा दमोह जिले के नोहटा विधानसभा क्षेत्र के देवरी हेलीपैड पंहुचेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 1.25 बजे हेलीपैड से नोहटा में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव मेला एवं कृषि प्रदर्शनी, किसान सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। आप अपरान्ह 3 बजे नोहटा देवरी हेलीपैड से बागेश्वर धाम जिला छतरपुर के लिए रवाना होंगे।

नोहटा में भव्य किसान सम्मेलन, यह किसान भाइयों के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा-राज्यमंत्री

# नोहलेश्वर महोत्सव एवं किसान सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बताया जबेरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 फरवरी का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण होने जा रहा है। नोहलेश्वर महोत्सव और किसान सम्मेलन आयोजन न केवल जबेरा विधानसभा की प्रतिष्ठा को बढ़ाएगा, बल्कि किसान भाइयों के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 फरवरी, शुक्रवार को अपरान्ह 1 बजे नोहटा की पावन धरा पर आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव के अंतर्गत भव्य किसान सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया मुख्यमंत्री का आगमन क्षेत्र के लिए सम्मान का विषय है। किसान सम्मेलन के माध्यम से किसानों से संवाद स्थापित किया जाएगा और उनके हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी।उन्होंने सभी किसान भाइयों, माताओं-बहनों, युवाओं एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा जनसहभागिता ही किसी भी आयोजन की वास्तविक शक्ति होती है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें और जबेरा विधानसभा के विकास की नई दिशा में सहभागी बनें।

## कमिश्नर और आईजी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 13 फरवरी दिन शुक्रवार को दमोह जिले के ग्राम नोहटा में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव एवं किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। इसी के तहत कमिश्नर सागर श्री अनिल सुचारी और आईजी पुलिस डॉ. हिमानी खन्ना ने ग्राम देवरी हरदुआ (नोहटा) में बनाये गये हेलीपेड, नोहलेश्वर मंदिर एवं नोहलेश्वर महोत्सव कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कार्यक्रम संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एडीशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं पुलिस अधिकारीगण मौजूद थे।

## आजदी के 78 वर्षों बाद भी ग्राम बंदर कोला में सड़क नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क के ग्राम बंदर कोला में दो मोहल्ले हैं जिसमें दोनो मोहल्ले में 400 से ज्यादा जनसंख्या है लगभग एक मोहल्ले तक पक्की रोड गई है लेकिन दूसरा मोहल्ला जो पहाड़ी के किनारे पर है उनके लिए रोड की व्यवस्था नहीं है फॉरेस्ट वालों ने जाली लगाकर आम रास्ता बंद कर दिया गया है ।यदि अब ग्राम वासियों को किसी अत्यावश्यक कार्य बस जाना पड़े तो उनके लिये रास्ता अब एक किलो मीटर का चक्कर काटकर के उनको मेन रोड तक जाना पड़ता है। बह भी 1 किलोमीटर तक वेरिकेट्स को पार करके पैदल जाना पड़ता है जब उनके गांव में कोई बीमार हो जाता है कोई गर्भवती महिला होती है तो चारपाई पर मेन रोड तक ले जाना पड़ता है बच्चे बरसात में स्कूल नहीं जा पाते हैं कई बार शासन से मांग करने पर भी सड़क नहीं बन पा रही है वन विभाग एन ओ सी नहीं दे रहा है जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने इस क्षेत्र के मंत्री महोदय से मांग की है की वन विभाग की स्वीकृति करा कर सड़क बनवा दीजिए जिससे इस गांव वालों की परेशानी दूर हो जाए गांव के सरपंच मिट्ठू लाल सेन हाकम सिंह ,मुन्ना सिंह, सरस्वती बाई, राजेश सिंह ,फूलबाई इत्यादि ग्रामीणों के साथ क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के मंत्री महोदय से वन विभाग से ऐन ओ सी दिलवा कर के ग्राम में सड़क बनवाने का मार्ग प्रशस्त करने की मांग की है ।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत के सभागार में 25 ग्राम पंचायतों के मेटों हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत ग्रामीण आजीविका मिशन तथा जी राम जी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक्ट 2025 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में योजना के तहत रोजगार सृजन, पारदर्शिता, कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं ग्रामीण विकास में मेटों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार, स्वरोजगार के अवसरों का सृजन तथा आजीविका को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रदान वाइज प्रोजेक्ट के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सीधे महिलाओं तक पहुंचाने की रणनीति साझा की गई। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं के अलग-अलग बैच बनाकर प्रशिक्षण आयोजित करने की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। प्रतिभागियों को व्यवहारिक जानकारी हेतु फील्ड विजिट भी कराई गई। इस अवसर पर जनपद तेंदूखेड़ा से एपीओ राहुल गाँगरा, आजीविका मिशन से सुमित तिवारी, प्रदान टीम से अक्षय जायसवाल (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) एवं वाइज बीसी कृष्णा माली द्वारा सत्रों का संचालन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन से मेटों की कार्यक्षमता में वृद्धि होने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

## नोहलेश्वर महोत्सव सांस्कृतिक पर्यटन के मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है: राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में एवं महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव का छठवां दिन भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक चेतना के अद्भुत संगम से नोहटा सुरों की दिव्य ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। देश के ख्याति प्राप्त गायक कैलाश खैर ने अपनी ओजस्वी एवं मधुर प्रस्तुतियों से हजारों श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।उनके मंच पर आते ही पूरा परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा। भक्ति गीतों से लेकर लोकप्रिय रचनाओं तक, हर प्रस्तुति ने दर्शकों के हृदय को छू लिया। यह संध्या केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय अस्मिता और सामाजिक एकता का विराट उत्सव बन गई। भजनों की भक्ति-रस में डूबी प्रस्तुति के दौरान मंत्री धर्मेंद्र लोधी स्वयं को रोक नहीं सके और मंच के समीप पहुंचकर कैलाश खेर के भजनों पर भावविभोर होकर नृत्य किया। उनका यह सहज और भक्तिमय अंदाज उपस्थित जनसमूह के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा।

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक आस्था का जीवंत प्रतीक है। जिस प्रकार क्षेत्र की जनता ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है, वह यह दर्शाता है कि हमारी जड़ें संस्कृति से कितनी गहराई से जुड़ी हैं। प्रदेश सरकार का संकल्प है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण अंचलों की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि नोहटा आज सांस्कृतिक पर्यटन के मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है और भविष्य में यह महोत्सव और अधिक व्यापक स्वरूप में आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जयंत कुमार मलैया (पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक), अजय विश्नोई (पूर्व मंत्री एवं विधायक, पाटन विधानसभा), गौरव पटेल (जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि), राघवेंद्र सिंह (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि) तथा अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।अंत में आयोजन समिति ने सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया, जिनकी सहभागिता और एकजुटता से यह छठवां दिवस ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बन गया। मेले का आयोजन माँ पीतांबरा जन सेवा समिति भोपाल के तत्वावधान में किया जा रहा है।

## बांदकपुर में शौचालय भवन का हुआ लोकार्पण



**दमोह।** ग्राम बांदकपुर स्थित पावन धाम में विधायक निधि से निर्मित 25 लाख रुपये की लागत के नवीन स्नानगृह एवं शौचालय भवन का लोकार्पण दमोह विधायक जयंत मलैया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, रमन खत्री,सरपंच सुनील डबुल्या, आलोक गोस्वामी, अखिलेश हजारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक जयंत मलैया ने कहा कि बांदकपुर धाम में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं। ऐसे में स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित स्नानगृह और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक था। इस निर्माण कार्य से श्रद्धालुओं को स्वच्छता एवं सुविधा का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु और आमजन मौजूद रहे।

## आदर्श परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों का हो रहा स्वागत

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में सात परीक्षा केंद्रों को आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, इन केंद्रों पर परीक्षार्थियों को बेहतर और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे बिना किसी असुविधा के आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें। इन आदर्श केंद्रों में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक जबेरा परीक्षा केंद्र भी शामिल है, जहां स्वागत गेट के साथ परीक्षा केंद्र केंद्र को तैयार किया गया है, जिला प्रशासन का प्रयास है कि परीक्षा केंद्रों का माहौल हर दृष्टि से शांत और सुव्यवस्थित रहे। परीक्षा के तनाव को कम करने और सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए, इन केंद्रों के प्रवेश द्वार पर विद्यार्थियों का स्वागत किया जा रहा है। प्रत्येक कक्षा के बाहर शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है, इसके अतिरिक्त, स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और पंखों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

## एमआर यूनियन दमोह ने निकाली विशाल रैली





**दमोह।** राष्ट्रव्यापी संगठन एफएमआरआई के तत्वाधान में मध्यप्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के द्वारा अपनी मांगों को लेकर विशाल रैली का आयोजन किया गया।रैली का आयोजन यूनियन ऑफिस से शुरू हो कर घंटाघर चौराहा होते हुए कलेक्टर ऑफिस पहुंचे जहां पर कामरेड पंकज कुमार सेन ने सरकार से चारों श्रम संहिता कानून को रदद करने की एसपीईएस कानून 1976 को लागू करने की विभिन्न मांगों को रखा एवं प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। रैली में मुख्य रूप से यूनियन के सदस्य सौरभ खरे सचिव, आशीष पौराणिक कोषाध्यक्ष, अनुपम सोनी, विजय श्रीवास्तब, शफीक खान, विक्रम साहू, रहीम खान, जयकांत दुबे, सुरेंद्र रोहित, पारस जैन, लोकेश सेन, शैलेंद्र सिंह, धर्मेंद्र, दिनेश, हेमंत राठौर, शशि रंजन, मयंक जैन, सतेंद्र कुमार, गणेश पटेल, कमलेश रजक, दीपक कुमार, जगमोहन, संजीव जैन, प्रशांत जैन, नीलेश राजपूत, नीलू वैन, संदीप खरे, अभय खरे, हेमेंद्र मालवीय, साहिब खान, शुभम पांडे, शिव कुमार सोनी, अरुण गुप्ता, करण सिंह, पप्पू कुमार, सौरभ कुमार, वेंकटेश कुमार, प्रभाकर, शिवम कुमार, दीपक कुमार, अनूप आनंद की उपस्थिति रही। रैली के बाद सभी कामरेड का आभार आशीष पौराणिक के द्वारा यूनियन ऑफिस पहुंच कर किया गया।

## दमोह के प्रियदर्शन दुबे पीडब्ल्यूडी में एसडीओ पद पर चयनित

**दमोह।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित राज्य अभियंत्रिकी सेवा परीक्षा 2024 में प्रियदर्शन दुबे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय रैंक प्राप्त की है। चयन उपरांत उनका नियुक्ति आदेश लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश में एसडीओ पद पर हुआ है। श्री दुबे का यह चयन उनकी सतत मेहनत, तकनीकी दक्षता एवं प्रशासनिक अनुभव का परिणाम है। इससे पूर्व वे झारखंड राज्य के देवघर (बैद्यनाथ धाम) जिले में सिंचाई विभाग में तीन वर्षों तक एसडीओ के रूप में कार्यरत रहे, इसके अतिरिक्त, उन्होंने रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत सीमा सड़क संगठन (ठत्०) में जूनियर इंजीनियर सिविल के रूप मैं आठ माह तक सेवाएं प्रदान कीं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर परिवारजनों, गुरुओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## विशाल भंडारे का आयोजन कल

**दमोह।** शहर में महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर प्रति वर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन समिति द्वारा नगरवासियों व समस्त शिवभक्तों को श्रद्धा व भक्ति भाव से आमंत्रित किया गया है। 14 फरवरी, दिनः शनिवार, समयः दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक, शिवाजी पार्क टॉकीज चौराहा, लंगड़ा होटल के पास यह आयोजन होगा। इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य सामाजिक सेवा, भक्ति भावना व जनकल्याण को बढ़ावा देना है। आयोजन समिति ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करें व कार्यक्रम को सफल बनाएं।

